SAI

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

भर्ती प्रकोष्ठ
**RECRUITMENT CELL**

मुख्य कार्यालय, द्वार सं.10
(पूर्वी द्वार), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
लोधी रोड़, नई दिल्ली – 110003
**Head Office, Gate -10 (East Gate),**
**Jawaharlal Nehru Stadium,Lodhi Road, New Delhi-110003**

**File No.: 01-04001(02)/7/2024-HO -Personnel Division** /396 दिनांक: - 23.07.2025

## भारतीय खेल प्राधिकरण, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टी ओ पी एस) में संविदा आधार पर प्रमुख अनुसंधान के पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

## SPORTS AUTHORITY OF INDIA INVITES APPLICATIONS FOR THE POST OF LEAD RESEARCH IN TARGET OLYMPIC PODIUM SCHEME(TOPS) ON CONTRACT BASIS

भाखेप्रा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्तशासी संगठन है, जो देश में खेलों के विकास और प्रचार के लिए सोसाएटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत है। आज भाखेप्रा का मुख्य उद्देश्य खेलों में उत्कृष्टता हासिल करना और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रशिक्षित/तैयार करना है। इसके पास अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के साथ-साथ देश भर में फैली अंतर्राष्ट्रीय मानक खेल अधिसंरचनाएं हैं।

SAI is an autonomous organization under the Ministry of Youth Affairs and Sports registered under the Societies Registration Act, 1860, with the mandate of development and promotion of Sports in the country. SAI's main objective today is to achieve excellence in sports and train & prepare sportspersons to participate in international competitions. It has international standard sports infrastructure spread across the country along with trained coaches to achieve its objectives.

2. **टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम** :- टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS), भारत सरकार (GOI) का एक प्रमुख, एथलीट-केंद्रित कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों की तैयारी में भारत के शीर्ष एथलीटों का समर्थन करना है। TOPS राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSF) योजना और अन्य सरकारी पहलों को सहायता के साथ-साथ पूरक सहायता प्रदान करता है। समर्थन की प्रकृति और सीमा एथलीट की दीर्घकालिक योजना के आधार पर निर्धारित की जाती है, जिसे राष्ट्रीय कोच, राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF), विषय विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के परामर्श से विकसित किया जाता है, जैसा कि सरकार द्वारा उचित समझा जाता है। खेल इकोसिस्टम को मजबूत करने और ओलंपिक में और अधिक उत्कृष्ट प्रर्दशन करने के प्रयास में, भाखेप्रा ने 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (रा.उ.के.) की स्थापना की है।

**Target Olympic Podium Scheme (TOPS)** :- The **Target Olympic Podium Scheme (TOPS)** is a flagship, athlete-centric program of the **Ministry of Youth Affairs and Sports (MYAS), Government of India (GOI)**. It aims to support India's top athletes in their preparation for the **Olympic and Paralympic Games**.TOPS provides **supplementary assistance** alongside the *Assistance to National Sports Federations (NSF) Scheme* and other government initiatives. The nature and extent of support are determined based on the athlete's **Long-Term Plan**, developed in consultation with the **National Coach, National Sports Federation (NSF), subject matter experts, and other relevant stakeholders**, as deemed appropriate by the government. In an effort for strengthening the sports

ecosystem and to bring more laurels in the Olympics, SAI has established 23 National Centres of Excellence (NCOEs).

3. भाखेप्रा 04 साल की अवधि के लिए संविदा आधार पर **प्रमुख अनुसंधान (टी ओ पी एस)** नियुक्ति के लिए पात्र, योग्य और अभिप्रेरक भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण इस प्रकार है:-

Sports Authority of India, invites applications from eligible, qualified, and motivated Indian Citizens for engagement as **LEAD RESEARCH (TOPS DIVISION) on** contract for maximum period of 4 years. The details of the post are as under:

| क्र.सं.<br>S. No. | पद<br>Post | पदों की कुल संख्या<br>Number of Posts |
|---|---|---|
| 1. | **प्रमुख अनुसंधान<br>LEAD RESEARCH** | 02* |

* **रिक्तियों की संख्या केवल सांकेतिक है और भाखेप्रा को इसके द्वारा निर्धारित वास्तविक कार्यभा आधार पर प्रमुख अनुसंधान नियुक्त करने की स्वतंत्रता है।** तैनाती का स्थान उन केंद्रों में होगा जहां अखिल भारतीय आधार पर भाखेप्रा की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। **यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रारम्भिक स्थान पर नियुक्ति और बाद में किसी भी स्थान पर नियुक्ति, किसी भी परिस्थिति में, स्थानांतरण के विरुद्ध कोई अधिकार प्रदान नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में केवल भाखेप्रा को ही अंतिम निर्णय लेने का अधिकार होगा।** इसके अलावा, विभिन्न श्रेणियों के लिए आरक्षण के संबंध में भारत सरकार के प्रचालित दिशा-निर्देशों के अनुसार डीओपीटी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए कार्यालय ज्ञापनों के अनुसार लागू होंगे।
***NUMBER OF VACANCIES ARE INDICATIVE ONLY AND SAI IS AT LIBERTY TO APPOINT LEAD RESEARCH BASED ON ACTUAL WORKLOAD DETERMINED THEREBY.** The place of posting will be on All-India basis in the centres where SAI schemes are being implemented. **IT IS CLARIFIED THAT NEITHER THE INITIAL PLACE OF POSTING NOR ANY SUBSEQUENT PLACE OF POSTING SHALL, UNDER ANY CIRCUMSTANCES WHATSOEVER, VEST ANY RIGHT AGAINST TRANSFER AND SAI ALONE SHALL HAVE THE FINAL SAY IN THIS REGARD.**

4. पात्रता मानदंड और अनुभव को पूरा करने वाले उम्मीदवार नीचे दिए गए भाखेप्रा के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन, प्रमाण पत्र/दस्तावेजों की निर्धारित स्व-सत्यापित फोटोकॉपी और पासपोर्ट आकार की फोटो जमा कर सकते हैं। अन्य माध्यमों से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

Candidates who fulfil the eligibility criteria and experience may submit their application, the prescribed self-attested photocopies of certificate/documents and passport-size photographs via the SAI Online portal mentioned herein below. Applications through other means will not be accepted.

5. आवेदन प्रपत्र के साथ भर्ती का विवरण भाखेप्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है: -
http://sportsauthorityofindia.nic.in

- **ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि:- 24.07.2025 (प्रातः काल 10 बजे से)**
- **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 07.08.2025 ( सायंकाल 5 बजे तक)**

The details of recruitment along with application form is available on SAI website i.e. http://sportsauthorityofindia.nic.in

- **Date of Opening Online Application: 24.07.2025 (10 AM Onwards)**
- **Closing date for submission of online application: 07.08.2025 (Till 5 PM)**

| | |
|---|---|
| | standard of coaches, sports science facilities, level of competition (Sparring partners for combat sports/ training partners). Gap analysis of Indian training facilities vis-à-vis international standards.<br>ix. Any other task assigned by a competent authority or reporting officer. |

**तालिका –II (TABLE-II)**

**पात्रता मानदंड:**
**ELIGIBILITY CRITERIA**

| पदनाम<br>Position | आवश्यक योग्यता<br>Essential Qualification | वांछित योग्यता<br>Desired Qualification | वांछित अनुभव<br>Desired Experience |
|---|---|---|---|
| **प्रमुख अनुसंधान<br>LEAD RESEARCH** | किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय से प्रासंगिक विषय (खेल प्रबंधन) में मास्टर डिग्री (2 वर्ष) / मास्टर डिग्री (1 वर्ष) या तकनीकी योग्यता जैसे बी.टेक या एमबीए या संबंधित क्षेत्र में समकक्ष योग्यता के साथ नौकरी विवरण के अनुसार संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव रखने वाले व्यक्ति<br>**या**<br>नौकरी विवरण के अनुसार प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 3 वर्ष के अनुभव के साथ स्नातक की डिग्री।<br><br>Persons having Master's Degree (2 years)/ Master's Degree (1 year) from any foreign University in relevant subject (Sports Management) or technical qualifications like B. Tech or MBA or equivalent qualifications in relevant field with minimum 1 year of experience in relevant field as per job description<br>**Or**<br>Bachelor's degree with Minimum 3 years of experience in relevant field as per job description. | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से खेल प्रबंधन/खेल विज्ञान/ प्रदर्शन विश्लेषण/सांख्यिकी में 1 वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा विशेषज्ञता या समकक्ष डिग्री।<br><br>1 Year Post Graduate Diploma specialization in Sports Management/ Sport Science/ Performance Analysis/ Statistics or equivalent degree from a recognized university. | • डेटा विज्ञान विधियों जैसे कि अनुमानित सांख्यिकी, प्रतिगमन विश्लेषण, वर्गीकरण आदि में अनुभव।• लिखित और मौखिक संचार कौशल में दक्षता।<br>• एमएस ऑफिस, एक्सेल, पावरपॉइंट जैसे सॉफ्टवेयर, अनुसंधान और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन टूल जैसे टैबलो आदि का ज्ञान।<br>• ओलंपिक खेलों में परिणामों और प्रतियोगिता प्रारूपों की समझ।<br>• ओलंपिक खेल विधाओं में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।<br>• संबंधित क्षेत्र में शोध अनुभव, प्रकाशित शोधपत्र और योग्यता-पश्चात अनुभव वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>• Experience in data science methods such as inferential statistics, Regression Analysis, classification, etc.<br>• Knowledge of software like MS Office, Excel, PowerPoint, research and data visualization tools like Tableau etc.<br>• Understanding of results and competition formats in Olympic sports.<br>• Candidates who have participated in nationals and international level in Olympic Sports Disciplines would be given preference.<br>• Applicants with research experience, published papers and post |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | qualification experience in the relevant field would be preferred. |

***<u>टिप्पणी: अनुभव तभी गिना जाएगा जब वह आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूरी करने के बाद हासिल किया गया हो। पीएचडी/अनुसंधान/फैलोशिप की अवधि को अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा।</u>***

***<u>Note: Experience will be counted only if the same is acquired after the completion of Essential Qualification. The period of Ph. D/ research/ fellowship will not be counted as an experience</u>***

**टिप्पणी :**

- अंतिम योग्यता सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त किये गये अंकों पर आधारित होगी।
- मेरिट सूची: यह ध्यान दें कि केवल साक्षात्कार में उत्तीर्ण होना ही अंतिम चयन की पुष्टि नहीं करता है। साक्षात्कार में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर अलग से मैरिट सूची तैयार की जाएगी।
- उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय अपने सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा पात्रता रद्द कर दी जाएगी।

**NOTE:**

- THE FINAL MERIT LIST WILL BE BASED ON THE SCORE OBTAINED IN THE INTERVIEW ONLY.
- MERIT LIST: IT IS TO BE NOTED THAT MERE QUALIFYING AT THE INTERVIEW DOES NOT CONFIRM FINAL SELECTION. SEPARATE MERIT LIST WILL BE PREPARED PURELY ON THE BASIS OF MARKS OBTAINED BY THE CANDIDATES IN INTERVIEW.
- THE CANDIDATE MUST PRODUCE ALL THE ORIGINAL DOCUMENTS AT THE TIME OF PHYSICAL JOINING OTHERWISE THE CANDIDATURE WILL BE CANCELLED.

8. **डिग्री एवं अंक तालिका: अपलोड किए गए** प्रमाण पत्र को विशेष योग्यता प्रदान करने वाले सक्षम प्राधिकारी (यानी विश्वविद्यालय या अन्य परीक्षा निकाय) द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

**DEGREE AND MARKSHEET**: The certificate uploaded must be one issued by the Competent Authority (i.e. University or other examining body) awarding the particular qualification.

i. **कार्य अनुभव:**
**WORK EXPERIENCE:**

**कार्य अनुभव का दावा करने वाले दस्तावेज़ों में निम्नलिखित का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए:**
**DOCUMENTS CLAIMING WORK EXPERIENCE MUST CLEARLY MENTION THE FOLLOWING:**

**क) प्रतिष्ठान का नाम (NAME OF THE ESTABLISHMENT)**
**ख) सक्षम प्राधिकारी/जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर जिसमें संगठन में उनके प्राधिकार की स्थिति स्पष्ट रूप से बताई गई हो। (SIGNATURE OF COMPETENT AUTHORITY/ISSUING AUTHORITY CLEARLY STATING THEIR POSITION OF AUTHORITY IN THE ORGANIZATION.)**
**ग) कार्य अनुभव की अवधि (जिसमें कार्यभार ग्रहण और कार्यमुक्त होने की तिथि उल्लेखित हो। (DURATION OF WORK EXPERIENCE. (IN WHICH DATE OF JOINING AND DATE OF RELIEVING SHALL BE MENTIONED.)**

6. भाखेप्रा भविष्य में उत्पन्न होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए 01 वर्ष की अवधि के लिए प्रतीक्षासूची वाले उम्मीदवारों के विस्तारित पैनल से भर सकता है। भाखेप्रा के पास बिना कोई कारण बताए पैनल को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। भाखेप्रा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय इस विज्ञापन को वापस लेने के सभी अधिकार सुरक्षित रखता है। भर्ती से संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए recruitment.cell.sai@gov.in पर ई-मेल कर सकते है।

SAI intends to fill the anticipated vacancies arising in future for a period of 01 year from the extended panel of waitlisted candidates. SAI reserves the right to cancel the panel without assigning any reason. SAI reserves all the rights to withdraw this advertisement at any time without assigning any reason. For any recruitment-related query, e-mail: recruitment.cell.sai@gov.in

23/7/25

**उपनिदेशक (DEPUTY DIRECTOR)**
**भर्ती प्रकोष्ठ (RECRUITMENT CELL)**
**भाखेप्रा मुख्य कार्यालय(SAI HEAD OFFICE)**

तालिका – I (TABLE-I)

**नौकरी का विवरण :**
**JOB DESCRIPTION:**

| पदनाम<br>**Position** | नौकरी का विवरण<br>**Job Description** |
|---|---|
| **प्रमुख अनुसंधान**<br>**LEAD RESEARCH** | I. विभिन्न खेल विधाओं में संभावित खिलाड़ियों की पहचान करना, अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर प्रदर्शन का व्यापक अध्ययन और अनुसंधान करने के लिए वरिष्ठ प्रमुख (अनुसंधान) की सहायता करना।<br>II. एथलीटों का विस्तृत विश्लेषण देना जैसे कि उनका पिछला प्रदर्शन, भविष्य की संभावना, तथा अन्य देशों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ तुलनात्मक अध्ययन/विश्लेषण करना तथा प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के बाद प्रदर्शन की समीक्षा करना।<br>III. एथलीट द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव/सहायता का विस्तृत विश्लेषण करना।<br>IV. कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, पोषण विशेषज्ञ, शक्ति और कंडीशनिंग विशेषज्ञ आदि जैसे सहायक कर्मचारियों का विस्तृत विश्लेषण प्रदान करना।<br>V. एथलीटों के लिए एक व्यापक डेटा बेस तैयार करना। ।<br>VI. एथलीटों और उनकी सहायता टीम के साथ नियमित आधार पर बातचीत करना।<br>VII. विश्वस्तरीय सुविधाओं और उच्च क्षमता वाले सहायक कर्मियों वाले प्रतिष्ठित संस्थान/प्रशिक्षण केंद्र की पहचान करने में वरिष्ठ प्रमुख (अनुसंधान) की सहायता करना।<br>VIII. उन भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण सुविधाओं का अध्ययन करना जहाँ एथलीट प्रशिक्षण ले सकें, जिसमें खेल और प्रशिक्षण सुविधाओं, प्रशिक्षकों के स्तर, खेल विज्ञान सुविधाओं, प्रतिस्पर्धा के स्तर (लड़ाकू खेलों के लिए अभ्यास साथी/प्रशिक्षण साथी) का विस्तृत विश्लेषण शामिल करना । भारतीय प्रशिक्षण सुविधाओं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बीच अंतर का विश्लेषण करना।<br>IX. किसी सक्षम प्राधिकारी या रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।<br><br>i. Assist the Senior Lead (Research) to identify potential sportspersons in different sports discipline, to make an extensive study & research of the performance at International/ National/ State levels.<br>ii. To give the detailed analysis of athletes like past performance, future potential, & make the comparative study/analysis with performance of sportspersons in other countries & review the performance after every International Competition.<br>iii. To make the detailed analysis on the Proposal/assistance applied by the athlete.<br>iv. Provide the detailed analysis of support staff such as Coach, Physiotherapist, Nutritionist, Strength & Conditioning Expert etc.<br>v. Prepare a comprehensive data base for the athletes.<br>vi. Interact with the athletes and their support team on a regular basis.<br>vii. Assist the Senior Lead (Research) to identify the reputed Institute/Training Centre having world-class facilities and high caliber supporting personnel.<br>viii. Undertake studies of Indian and International training facilities, where athlete could train, which would entail a detailed analysis of playing and training facilities, |

घ) जिस क्षेत्र में उम्मीदवार ने काम किया है या प्रतिष्ठान में जिस पद पर नियुक्त थे। **(THE FIELD IN WHICH THE CANDIDATE HAS WORKED OR THE POST HELD IN THE ESTABLISHMENT.)**

**नोट :- यदि उम्मीदवार वर्तमान में कार्यरत है और उसके पास अपने वर्तमान नियोक्ता से कोई अनुभव पत्र नहीं है, तो उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता से वेतन पर्चियां अपलोड करने या जमा करने की अनुमति होगी, जिसमें उम्मीदवार की संगठन में शामिल होने की तिथि से लेकर साई में [प्रमुख अनुसंधान ] के पद के लिए आवेदन जमा करने की तिथि तक की अवधि शामिल होगी, यानी प्रत्येक महीने की वेतन पर्चियां जमा की जानी चाहिए जिसके लिए कार्य अनुभव का दावा किया जा रहा है। कृपया ध्यान दें कि वेतन पर्ची वर्तमान नियोक्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित या अधिकृत होनी चाहिए। इसके अलावा, केवल हाल के महीने की वेतन पर्ची को अनुभव पत्र के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसे अनुभव के प्रमाण के रूप में नहीं माना जा सकता है। नियुक्ति के प्रस्ताव को भी अनुभव पत्र नहीं माना जाएगा और ऊपर बताए गए घटकों वाला उचित अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

**NOTE :- IF THE CANDIDATE IS CURRENTLY EMPLOYED AND DOES NOT POSSESS AN EXPERIENCE LETTER FROM THEIR PRESENT EMPLOYER, THEY WILL BE PERMITTED TO UPLOAD OR SUBMIT SALARY SLIPS FROM THEIR CURRENT EMPLOYER, COVERING THE PERIOD FROM THE CANDIDATE'S DATE OF JOINING IN ORGANIZATION UNTIL THE DATE OF APPLICATION SUBMISSION FOR THE POST OF [LEAD RESEARCH)] IN SAI I.E. THE SALARY SLIPS FOR EACH MONTH SHOULD BE SUBMITTED FOR WHICH THE WORK EXPERIENCE IS BEING CLAIMED.**
**PLEASE NOTE THAT THE SALARY SLIPS MUST BE DULY SIGNED OR AUTHORIZED BY THE CURRENT EMPLOYER. FURTHERMORE, THE SALARY SLIP FOR THE MOST RECENT MONTH ONLY WILL NOT BE ACCEPTED AS AN EXPERIENCE LETTER AND CANNOT BE CONSIDERED AS PROOF OF EXPERIENCE. OFFER OF APPOINTMENT WILL ALSO NOT BE TREATED AS EXPERIENCE LETTER AND PROPER EXPERIENCE CERTIFICATE HAVING THE COMPONENTS AS STATED ABOVE NEEDS TO BE SUBMITTED.**

ii. **अन्य दस्तावेज़:**
**OTHER DOCUMENTS:**

क. जन्म तिथि का प्रमाण: आधार कार्ड/दसवीं कक्षा की अंक तालिका/बारवीं कक्षा की अंक तालिका
Proof of Date of birth: Aadhar Card/10th class mark sheet/12th class mark sheet.

ख. हाल के पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो (One recent passport size colour photograph)

9. **सामान्य निर्देश:** (नीचे दिये गये सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करना आवश्यक है अन्यथा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है)

**GENERAL INSTRUCTIONS** (All the instructions given below must be strictly followed or else the application is liable to be rejected)

10. **कौन आवेदन कर सकता है:** आवेदन केवल उन भारतीय नागरिकों से आमंत्रित किये गए हैं जो आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और आवश्यक कार्य अनुभव (जैसा कि तालिका- II पर उल्लेखित है) के मानदंडों को पूरा करते हैं।
**WHO CAN APPLY:** Applications are invited only from Indian citizens who fulfil eligibility criteria of essential educational qualification and essential work experience (as mentioned in Table-II).

i. प्रारम्भिक पंजीकरण ऑनलाइन पूरा करने के बाद, उम्मीदवार को, नीचे दिये गये क्रम में निम्नलिखित दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे। स्व-सत्यापित दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करने होंगे।
After initial registration is completed online, the candidate must upload the following documents in the below mentioned order. Self-attested documents in PDF format are to be uploaded.

ii. दस्तावेज़ों का क्रम इस प्रकार है (The order of documents is as follows):

क. उम्मीदवार का विवरण (Candidate details)
ख. जन्म तिथि का दस्तावेज़ (Document for DOB)
ग. स्नातकोत्तर डिग्री की अंक तालिका (Mark sheet of postgraduate degree)
घ. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का डिग्री प्रमाण-पत्र (Degree certificate of post-graduation course)
च. स्नातक डिग्री की अंक तालिका (Mark sheet of graduation degree)
छ. स्नातक डिग्री प्रमाणपत्र (Degree certificate of graduation course)
ज. कार्य अनुभव यदि कोई हो (जिसमें कार्यभार ग्रहण करने तथा कार्यमुक्त होने की तिथि अंकित होनी चाहिए) (Work experience if any (In which Date of joining and Date of relieving should be mentioned)
झ. नवीनतम अंतिम भुगतान प्रमाण-पत्र (Latest Last Pay Certificate)
ट. खेल उपलब्धियों का समर्थन करने वाले दस्तावेज़, यदि कोई हो। (Documents supporting sports achievement if any)

iii. प्रमाणपत्र की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से उम्मीदवार के स्वयं प्रमाणन पर निर्भर करती है । **भाखेप्रा उन अनुभव प्रमाण-पत्रों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो ऊपर बताए गए अनुसार सही विवरण प्रदान नहीं करते हैं।** प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए वेबसाइट लिंक प्रदान किए जा सकते हैं।
The responsibility of ensuring genuineness of the certificate lies completely on the candidate by self-attestation. **SAI RESERVES THE RIGHT TO DISCARD EXPERIENCE CERTIFICATES WHICH DO NOT PROVIDE CORRECT DETAILS AS MENTIONED ABOVE.** Website links could be provided to ascertain genuineness.

iv. उम्मीदवारों को उपरोक्त मानदंडों के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इसलिए, पात्रता मानदंडों की पूर्ति का मतलब यह नहीं है कि उम्मीदवार के साक्षात्कार पर विचार किया जाएगा ।
Candidates will be called for the interview on the criteria as mentioned above. Hence, fulfilment of eligibility criteria does not entail that candidate will be considered for the interview.

v. उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनकी उम्मीदवारी सभी चरणों में निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगी। यदि, साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी स्तर के सत्यापन पर, यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते हैं; तो उनकी उम्मीदवारिता भाखेप्रा द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

The Candidates should note that their candidature at all the stages will be purely provisional, subject to satisfying the prescribed eligibility conditions. If, on verification at any stage, before or after Interview, it is found that they do not fulfil any of the eligibility conditions; their candidature will be cancelled by SAI.

**नोट: चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय आवेदन में उल्लिखित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे। कार्यभार ग्रहण करते समय आवश्यक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

**NOTE: SELECTED CANDIDATES WILL BE REQUIRED TO PRODUCE THE ORIGINAL CERTIFICATES MENTIONED IN APPLICATION AT THE TIME OF JOINING. FAILING TO SUBMIT THE REQUIRED CERTIFICATES IN ORIGINAL AT THE TIME OF JOINING WILL LEAD TO CANCELLATION OF CANDIDATURE.**

**11. नियम और शर्तें (TERMS AND CONDITIONS) :**

11.1 **कार्यकाल:** इस संविदात्मक नियुक्ति का कार्यकाल चार वर्ष के लिए होगा। संविदा की अवधि को किसी भी पक्ष यानी भाखेप्रा या चयनित उम्मीदवार द्वारा 30 दिनों की नोटिस अवधि या नोटिस अवधि के बदले में एक महीने का पारिश्रमिक देकर समाप्त किया जा सकता है (यदि नोटिस अवधि पूरी नहीं की जाती है)। यदि चयनित उम्मीदवार द्वारा अत्यधिक अनुचित व्यवहार किए जाने या चयनित उम्मीदवार को संविदा की किसी भी शर्त या किसी भी नियम का उल्लंघन करने या किसी भी तरह के कदाचार का दोषी पाए जाने पर, जिसमें दुर्व्यवहार, कर्तव्यों की लापरवाही, अनधिकृत अनुपस्थिति और भाखेप्रा द्वारा निर्धारित ऐसे अन्य कदाचार शामिल हैं, जिसमें चयनित उम्मीदवार दोषी पाया जाता है तो संविदा को बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल समाप्त कर दिया जाएगा।

**Tenure:** The tenure for this contractual engagement will be of four years. The contract can be terminated by giving a 30 days' Notice period or one month remuneration in lieu of the notice period (In case notice period is not served) by the either party i.e. SAI or the selected candidate. In cases of extreme impropriety by the selected candidate or in case the selected candidate is found guilty of violating any terms and conditions of the contract or any misconduct including but not limited to misbehaviour, negligence of duties, unauthorised absence and such other misconduct as may be determined by SAI and prima facie established against the selected candidate, the contract will be terminated immediately without any prior notice.

11.2 **आयु सीमा एवं वेतन (Age Limit& Salary):**

| पदनाम<br>**Designation** | **आयु-सीमा*<br>Age Limit*** | **समेकित मासिक वेतन**<br>Consolidated Monthly Pay**** |
|---|---|---|
| प्रमुख अनुसंधान<br>**LEAD RESEARCH** | **32*** | **60,000/-**** |

**** भारतीय खेल प्राधिकरण में सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों को आयु में छूट की अवधि भारतीय खेल प्राधिकरण में उम्मीदवार के कार्यकाल की अवधि के बराबर होगी।***

***** The age relaxation period to the persons who rendered service in Sports Authority of India will be equivalent to the duration of the candidate's tenure with the Sports Authority of India.***

***** वर्तमान भर्ती के लिए प्रारंभिक पारिश्रमिक केवल 60,000/- रुपये निर्धारित किया जाएगा।***

***** The initial remuneration for the present recruitment shall be fixed as Rs. 60,000/- Only.***

**अभ्यर्थी ध्यान दें कि केवल हाईस्कूल/12वीं परीक्षा में दर्ज जन्मतिथि ही स्वीकार की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा की गणना आवेदन पत्र जमा करने की प्रारंभिक तिथि के अनुसार की जाएगी।**

**Candidates should note that only the Date of Birth as recorded in the Matriculation/ Secondary Examination will be accepted. The maximum age limit will be calculated as on the opening date of submission of applications.**

11.3 **स्रोत पर कर कटौती :-** लागू नियमों के अनुसार आय कर या किसी अन्य कर की कटौती भुगतान से पहले स्रोत पर की जाएगी, जिसके लिए भाखेप्रा में क्रियान्वित होने पर टीडीएस प्रमाण-पत्र/सेवाकर जारी करेगा।

**Tax Deduction at Source:** The Income Tax or any other tax liable to be deducted, as per the prevailing rules will be deducted at source before effecting the payment, for which the SAI will issue TDS /Service Tax Certificates, as applicable.

11.4 **अन्य भत्ते :- कार्यभार ग्रहण करने** या उसका पूरा होने पर कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा । इसमें दैनिक भत्ता, आवासीय फोन, वाहन/परिवहन, व्यक्तिगत स्टॉफ, चिकित्सा पूर्ति, मकान किराया भत्ता एवं एलटीसी इत्यादि जैसे अन्य भत्ते शामिल नहीं होंगे।

Apender

**Other Allowances:** No TA/DA shall be admissible for joining the assignment or on its completion. No other facilities like DA, Accommodation, Residential Phone, Conveyance /Transport, Personal Staff, Medical reimbursement, HRA and LTC etc. would be admissible.

11.5 **वेतन वृद्धि**:- चयनित अभ्यर्थियों के कार्य निष्पादन की निरंतर समीक्षा की जाएगी तथा आवधिक समीक्षा के आधार पर उनकी वेतन वृद्धि पर विचार किया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार रिपोर्टिंग अधिकारी और समीक्षा समिति द्वारा दी गई सिफारिशों के आधार पर 7% तक की वार्षिक वेतन वृद्धि लागू होगी।

**Increment:** Performance of the selected candidates would be continuously reviewed, and their increment will be considered on the basis of periodic review. Annual Increment up to 7% based on the recommendations given by the reporting officer and review committee and as per the procedure laid down by SAI, will be applicable.

11.6 **छुट्टी** :- चयनित उम्मीदवार प्रत्येक पूर्ण माह में 2.5 दिन की दर से छुट्टी के हकदार होंगे, जिसमें सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अधीन अनुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी जमा नहीं होगीं। इसके अलावा, एक महीने तक की अनुपस्थिति को बिना पारिश्रमिक के माना जा सकता है। तथापि, व्यवसायिक विकास, प्रशिक्षण आदि के लिए असाधारण मामलों में, महानिदेशक भाखेप्रा द्वारा इस शर्त में छूट दी जा सकती है। इसके अलावा महिलाएं श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा जारी 36012/03/2015-एसएस-I दिनांक 12 अप्रैल 2017 मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अनुसार मातृत्व अवकाश के लिए पात्र हो सकती है। साथ ही एक कैलेंडर वर्ष में अप्रयुक्त छुट्टी समाप्त हो जाएगी और अगले कैलेंडर वर्ष में इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

**Leave:** Selected Candidate shall be entitled to leave at the rate of 2.5 days of each completed month (Subject to prior approval of Competent Authority) with no accumulation of leave beyond a calendar year on pro-rata basis. Further, the absence up to one month may be considered without remuneration. However, in Exceptional cases for professional development, training etc. this condition may be relaxed by DG, SAI. Apart from this the women Consultant may be eligible for maternity leave as per the Maternity Benefit (Amendment) Act, 2017 issued by Ministry of Labour and Employment vide no S- 36012/03/2015-SS-I dated 12th April 2017. Also, un-availed leave in a calendar year will lapse and will not be carried forward to the next calendar year.

11.7 **यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता**: सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन घरेलू दौरे करने के लिए:-
**TA/DA:** To undertake domestic tours subject to the approval of Competent Authority: -

| **पदनाम**<br>**Position** | **यात्रा का तरीका**<br>**Mode of Journey** | **होटल, टैक्सी और खाद्य बिलों की प्रतिपूर्ति।**<br>**Reimbursement of Hotel, Taxi and Food Bills.** |
|---|---|---|
| **प्रमुख अनुसंधान**<br>**LEAD RESEARCH** | इकोनॉमी क्लास में हवाई यात्रा या एसी टू टियर में रेल द्वारा<br><br>Air in Economy Class or by Rail in AC Two Tier | होटल आवास के लिए प्रतिदिन 2813/- रुपये + कर; शहर के भीतर यात्रा के लिए प्रतिदिन 423/- रुपये तक का टैक्सी शुल्क तथा प्रतिदिन 1125/- रुपये से अधिक भोजन बिल की अनुमति नहीं होगी।<br><br>Hotel accommodation of up to Rs.2813/- + Taxes per day; taxi charges of up to Rs. 423/- per day for travel within the city and food bills not exceeding Rs.1125/- per day shall be allowed. |

11.8 **छूट** : जहां महानिदेशक, भाखेप्रा की राय है कि, ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो वह आदेश द्वारा और लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से इन नियमों के किसी भी प्रावधान में छूट दे सकते हैं।

**Relaxation**: DG, SAI where DG, SAI is of the opinion that, it is necessary or expedient so to do, it may by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules.

11.9 चयनित उम्मीदवार को अपने रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए सभी कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा तथा वह अपने रिपोर्टिंग अधिकारी की संतुष्टि के अनुसार कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। इसके अलावा, कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और रिपोर्टिंग व्यवस्था को भाखेप्रा द्वारा अपने विवेकानुसार बिना कोई कारण बताए और रोजगार की समाप्ति के बिना बदलाव/संशोधित किया जा सकता है।

The Selected Candidate shall undertake all the duties and responsibilities assigned by his/her reporting officer from time to time and shall discharge the duties & responsibilities to the satisfaction of his/her reporting officer. Further, the duties, responsibilities and reporting arrangements may be changed/altered by SAI at its sole discretion without giving any reasons thereof and without causing termination of the employment.

11.10 चयनित उम्मीदवार को रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा निर्धारित आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यकता के आधार पर विभाजित ड्यूटी समय का पालन करना होगा। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी को, यदि आवश्यक हो तो, बिना किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक या किसी प्रकार के लाभ का दावा किए, सामान्य कार्य दिवसों और कार्य घंटों से परे भी कार्य करने के लिए बाध्य होना होगा। यह नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी तथा चयनित उम्मीदवार को भाखेप्रा के साथ संविदा की अवधि के दौरान संगठन के बाहर कोई अन्य कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

The Selected Candidate may have to follow split duty time on need basis to meet the requirement as assigned by the reporting officer. Further, the selected candidate shall be obliged to perform duties beyond normal working days and working hours, if required, without claiming any extra remuneration or any kind of benefits. The engagement would be on full time basis and the selected candidate will not be permitted to take up any other assignment outside the organisation during the currency of the contract with SAI.

11.11 चयनित उम्मीदवार अपने कार्यों तथा नौकरी प्रोफ़ाइल से जुड़े वित्तीय, प्रशासनिक, शैक्षणिक और अन्य सभी जिम्मेदारियों के निर्वहन में किसी भी चूक के लिए जिम्मेदार होगा और यदि यह अन्यथा पाया जाता है, तो इसे संविदा का मूल उल्लंघन माना जाएगा। चयनित अभ्यर्थी भारतीय खेल प्राधिकरण के कर्मचारियों पर लागू सेवा नियमों के अधीन होंगे तथा किसी भी कदाचार या दुर्व्यवहार के मामले में कानून के अनुसार सिविल और आपराधिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे। चयनित उम्मीदवार को यथासंभव सी.सी.एस. (आचरण नियम), 1964 का पालन करना होगा।

The Selected Candidate will be responsible for his/her acts and any omission in discharge of financial, administrative, academics and all other responsibilities associated with the job profile and if it is found to be otherwise, it shall be treated as a fundamental breach of contract. The Selected Candidate will be subject to applicable service rules as applicable to employees of SAI and liable for civil and criminal proceedings in accordance of law in case of any misconduct or misbehaviour. The Selected Candidate shall abide by CCS (Conduct Rules), 1964, to the extent possible.

11.12 आवश्यकता के आधार पर, भाखेप्रा आपको नियुक्ति अवधि के भीतर भारत में किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर सकता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसा स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से किया जा सकता है तथा इस संबंध में भाखेप्रा का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**DEPENDING UPON THE REQUIREMENT, SAI CAN TRANSFER YOU WITHIN THE PERIOD OF ENGAGEMENT TO ANY OTHER PLACE IN INDIA. IT IS CLARIFIED THAT SUCH TRANSFER MAY BE EXECUTED WITH IMMEDIATE EFFECT AND THE DECISION OF SAI SHALL BE TREATED AS FINAL IN THIS REGARD.**

11.13 संविदा की अवधि समाप्त होने पर संविदा तत्काल प्रभाव से स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

The Contract shall stand terminated automatically upon expiry of the term of the contract.

11.14 चयनित उम्मीदवार के कार्य निष्पादन की निरंतर निगरानी/समीक्षा की जाएगी और यदि उसका कार्य निष्पादन अपेक्षित नहीं पाया गया तो 1 (एक) माह का अग्रिम नोटिस या उसके एवज में 1 (एक) माह का पारिश्रमिक देने के पश्चात बिना कोई कारण बताए संविदा समाप्त कर दी जाएगी।

Performance of the selected candidate will be monitored/reviewed continuously and if his/her performance is not found to the mark, the contract shall be terminated without assigning any reason after serving 1 (One) month advance notice or 1 (One) month remuneration in lieu thereof.

12. **आवेदन कैसे करें:-** अभ्यर्थी को केवल https://sportsauthorityofindia.nic.in/saijobs लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा उन्हें तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा। वेबसाइट पर पंजीकरण/आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित होना चाहिए:

**HOW TO APPLY: -** The candidate has to apply only online through the link https://sportsauthorityofindia.nic.in/saijobs. Applications received through any other mode would not be accepted and summarily rejected. Before registering/submitting applications on the website, the candidates should possess the following:

i. **वैध ई-मेल आईडी:** ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज की गई ई-मेल आईडी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक सक्रिय रहनी चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद आपकी मेल-आईडी में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

Valid E-mail ID: The e-mail ID entered in the online application form should remain active until the recruitment process is completed. No change in the e-mail ID will be allowed once entered.

ii. ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय स्व-सत्यापित दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे (Self-attested documents to be uploaded while submitting application online) :

1. जन्म तिथि का प्रमाण: आधार कार्ड 10वीं/12वीं कक्षा की अंक तालिका। (Proof of Date of birth: Aadhar Card/10th class mark sheet/12th class mark sheet.)
2. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाणपत्र। (Certificates of essential educational qualifications & experience.)
3. पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रतिलिपि। (Scanned copy of passport size color photograph and signature.)
4. केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठनों में काम करने के मामले में उनके वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र की स्कैन की गई प्रति। (Scanned copy of No Objection Certificate from their present employer, in case working in Central/ State Government/ Autonomous Organizations.)
5. नवीनतम अंतिम भुगतान प्रमाण-पत्र। (Latest Last pay drawn certificate)

13. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :** ऑनलाइन आवेदन करने का विवरण नीचे दिया गया है:-

- **ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि:- 24.07.02025 (प्रातः काल 10 बजे से)**
- **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 07.08.2025 ( सायंकाल 5 बजे तक)**

**LAST DATE FOR RECEIPT OF APPLICATIONS:** The schedule for applying online is given below:-

- **Date of Opening Online Application: 24.07.2025 (10 AM Onwards)**
- **Closing date for submission of online application: 07.08.2025 (Till 5 PM)**

14. **गोपनीयता:**
**CONFIDENTIALITY:**

14.1 संविदा के दौरान, यह संभावना है कि चयनित उम्मीदवार को परिचालन के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न गोपनीय जानकारी प्राप्त करनी होगी और उसे संविदा के अपने उत्तरदायित्वों को पूरा करना होगा। ऐसी गोपनीय जानकारी में, बिना किसी सीमा के, रिपोर्ट, प्रशिक्षण डाटा, संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, स्वास्थ्य डाटा, प्रदर्शन विश्लेषण और किसी भी एथलीट का मनोवैज्ञानिक परीक्षण और प्रशिक्षण डाटा, व्यवसाय और वित्तीय जानकारी, व्यवसाय के तरीके और प्रथाएं, प्रौद्योगिकी और तकनीकी रणनीतियां, विपणन रणनीतियां, व्यापार रहस्य या कोई अन्य ऐसी जानकारी शामिल हो सकती है जिसे "गोपनीय जानकारी" कहा जाता है।

During the course of the contract, it is likely that the selected candidate will come into contract with various confidential information crucial to the operation and fulfilling his/her obligations of the contract. Such confidential information may include, without limitations, reports coaching data, performance analysis and psychological testing and training data of any athlete, business & financial information, business methods and practices, technology and technological strategies, marketing strategies, trade secrets or any other such information referred to as "Confidential Information".

14.2 चयनित व्यक्तियों को अपने कर्तव्यों के वास्तविक निर्वहन के संबंध में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी पुस्तक या लेखों का संकलन प्रकाशित करने, रेडियो प्रसारण में भाग लेने, लेख लिखने, या किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर गुमनाम या छद्म नाम से कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई पुस्तक, लेख, प्रसारण, इस कार्य के भाग के रूप में एकत्रित किसी भी जानकारी का उपयोग सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना करता है, तो ऐसे किसी भी उल्लंघन के विरुद्ध नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। तथापि, यदि चयनित अभ्यर्थी भाखेप्रा द्वारा दिए गए समनुदेशन के अलावा कोई पुस्तक, लेख प्रकाशित करना चाहता है या कोई जानकारी प्रसारित करना चाहता है, तो ऐसा सक्षम प्राधिकारी की लिखित स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकता है।

Selected persons will not be allowed to publish a book or a compilation of articles or participate in a radio broadcast or contribute an article or anonymously or pseudonymous in the name of any other person without prior approval of the Competent Authority in the bonafide discharge of his/her duties. If such book, article, broadcast, uses any information that he/she may gather as part of this assignment without the prior approval of the Competent Authority any such violation will attract strict actions as per rules. However, if the selected candidate desires to publish any book, article or broadcast any information other than his/her assignment given by SAI, the same cab be carried out only after obtaining written approval of the Competent Authority.

14.3 नियुक्ति की अवधि के दौरान, कर्मचारी भारतीय आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के प्रावधानों के अधीन होगा और नियुक्ति की अवधि के दौरान उसके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं बताएगा जो जानने के लिए अधिकृत नहीं है।

During the period of engagement, Employee would be subject to the provisions of the Indian Official Secret Act, 1923 and will not divulge any information gathered by him/her during the period of his/her engagement to anyone who is not authorized to know.

14.4 चयनित कर्मचारी किसी भी मामले में दूसरों का प्रतिनिधित्व या राय या सलाह नहीं दे सकते, जो भारतीय खेल प्राधिकरण और सरकार के हित के प्रतिकूल हो।

The Selected personnel at no instance can represent or give opinion or advice to others in any matter, which is adverse to the interest of the Sports Authority of India and Government.

15. **अन्य शर्तें:**
**OTHER CONDITIONS:**

क. योग्य उम्मीदवारों को प्राप्त आवेदनों की प्रासंगिक अनुभव और नौकरी विवरण के आधार पर जांच/चयनित सूची किया जाएगी और आवेदक को अपने स्वयं के खर्चें पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
The applications received will be scrutinized/ shortlisted on the basis of relevant experience and job description and the eligible candidates will be called for Interview at cost to the applicant.

ख. पात्रता, चयन और नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों में, भाखेप्रा का निर्णय अंतिम होगा और यह सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में भाखेप्रा द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
Decision of SAI in all matters regarding eligibility, selection and posting would be final and binding upon all candidates. No representation or correspondence will be entertained by SAI in this regard.

ग. भारतीय खेल प्राधिकरण (भाखेप्रा) के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापन और/या चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
SAI reserves the right to cancel the advertisement and/or the selection process at any stage without assigning any reason.

घ. किसी भी विवाद की स्थिति में महानिदेशक, भाखेप्रा अंतिम प्राधिकारी होंगे।
The DG SAI shall be the final authority in case of any dispute.

ङ. नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध आधार पर होगी और इस संगठन में नियमित कर्मचारी या सरकारी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति के लिए किसी भी तरह से कोई भी अधिकारी प्रदत्त/प्रदान करने की पात्रता नहीं होगी।
The appointment will be purely on contract basis and does not confer/ entitle him/her to claim in any manner or below any right for his/her engagement as regular employee in this organisation or that of a government employee.

च. भाखेप्रा में रोज़गार से संबंधित कोई भी मुकदमेबाज़ी दिल्ली की अदालतों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगी।
Any litigation matters pertaining to employment at SAI shall be amenable to jurisdiction of courts in Delhi.

छ. भाखेप्रा में आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, एक पैनल तैयार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा और भाखेप्रा के साथ भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किसी भी योजना/परियोजना द्वारा इसका उपयोग किया जा सकता है। भाखेप्रा के पास बिना कोई कारण बताए पैनल को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
Owning to the requirement in SAI, a panel shall be drawn which will be valid for a period of one Year and can be utilized by any Scheme/project funded by Government of India along with SAI. SAI reserves the right to cancel the panel without assigning any reason.

ज. इस संबंध में अग्रिम अधिसूचना/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल भाखेप्रा की वेबसाइट पर डाला जाएगा।
Further notifications/corrigendum in this regard, if any, will be put up on SAI website only.

झ. किसी भी विवाद की स्थिति में, रोज़गार नोटिस का अंग्रेजी संस्करण वैध माना जाएगा।
In case of any dispute, English version of the Employment notice will be treated as valid.

ञ. आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। जो उम्मीदवार पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें भर्ती/चयन के किसी भी चरण में अयोग्य ठहराया जा सकता है।
Candidates should ascertain, before applying, that they satisfy all the eligibility conditions as stipulated in the advertisement. Candidates, who do not satisfy the eligibility conditions, will be liable to be disqualified at any stage of recruitment/selection.

ट. निर्धारित प्रारूप में न होने वाले या अपूर्ण/अहस्ताक्षरित या आवश्यक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका की प्रति आदि के बिना प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा।
Application Forms not in the prescribed format or incomplete/unsigned or received without a copy of essential qualification certificates, experience certificates, copy of mark-sheet of Board/ University etc shall not be considered and are liable to be rejected.

ठ. भाखेप्रा भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/बड़ा करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि आवश्यकता पड़ी तो बिना कोई अगला नोटिस जारी किए।
SAI reserves the right to modify/alter/restrict/enlarge/cancel the recruitment process, if the need so arises without issuing any further notice or assigning any further notice any reason thereof.

ड. भाखेप्रा का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
The decision of the SAI will be final and no appeal will be entertained against this issue.

ढ. कृपया आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से अपना ई-मेल अकाउंट देखें।
Please do visit your email account regularly for further updates.

## 16. लागू कानून एवं क्षेत्राधिकार (APPLICABLE LAW & JURISDICTION):

चयनित उम्मीदवारों का अनुबंध भारत गणराज्य के कानूनों के अनुसार व्याख्यायित और शासित होगा। दोनों पक्ष अर्थात् भाखेप्रा और चयनित उम्मीदवार किसी भी विवाद के निपटारे के लिए दिल्ली की अदालतों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।

The contract of the selected candidates shall be governed by and construed in accordance with the laws of Republic of India. Both the parties i.e. SAI and the selected candidate shall be amenable to the exclusive jurisdiction of the courts of Delhi, for the adjudication of any dispute hereunder or in connection herewith.

## टिप्पणी (NOTE):

i. *संविदा पद के लिए अधिकतम कार्यकाल 4 वर्ष है और किसी भी स्थिति में संविदा को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवार इस तथ्य पर भी ध्यान दे सकते हैं कि* प्रमुख अनुसंधान *का पद चयनित उम्मीदवारों के संविदा की समाप्ति के बाद भी जारी रह सकता है, लेकिन चयनित उम्मीदवार अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद (किसी भी मामले में) पद पर बने रहने का दावा नहीं कर सकता है और भाखेप्रा के पूर्ण विवेक पर रिक्त पद के विरुद्ध नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सकती है/ नहीं भी की जा सकती है। नई भर्ती अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 15 के सिद्धांतों के आधार पर शुरू की जाएगी, ताकि भाखेप्रा में उक्त पद के लिए चयनित होने के लिए नौकरी बाजार में सभी उम्मीदवारों को निष्पक्ष, न्याय संगत और समान अवसर प्रदान किया जा सके और भाखेप्रा के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी भी नई भर्ती में भाग ले सकते हैं।*
*THE MAXIMUM TENURE FOR THE CONTRACTUAL POST IS 4 YEARS AND IN NO CASE WHATSOVER THE CONTRACT WILL BE EXTENDED FURTHER. MOREOVER, THE CANDIDATE MAY ALSO TAKE NOTE OF THE FACT THAT THE POST OF* ***LEAD RESEARCH*** *MAY CONTINUE TO EXIST EVEN AFTER THE EXPIRY OF CONTRACT OF THE SELECTED CANDIDATES, BUT THE SELECTED CANDIDATE CANNOT CLAIM CONTINUATION ON THE POST (IN ANY CASE WHATSOEVER) AFTER THE EXPIRY OF HIS/HER CONTRACT AND A FRESH RECRUITMENT PROCESS MAY/MAY NOT BE INITIATED AGAINST THE VACANT POST ON THE SOLE DISCRETION OF SAI. THE FRESH RECRUITMENT SHALL BE INITIATED BASED ON THE PRINCIPLES OF ARTICLE 14 (RIGHT TO EQUALITY) & ARTICLE 15, IN ORDER TO PROVIDE A FAIR, JUST AND EQUAL OPPORTUNITY TO ALL THE CANDIDATES IN THE JOB MARKET TO GET SELECTED FOR THE SAID POST IN SAI AND THE EXISTING AND EX-SAI EMPLOYEES CAN ALSO PARTICIPATE IN THE FRESH RECRUITMENT.*

ii. *भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ कार्य के दौरान, यह अत्यधिक संभावना है कि भाखेप्रा चयनित उम्मीदवार को ज्ञान उन्नयन और क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और/या विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं या सम्मेलनों में विदेशी प्रदर्शन के लिए प्रतिनियुक्त कर सकता है, तथापि, यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसा कोई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम/अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन चयनित उम्मीदवार को इस विज्ञापन में उल्लिखित संविदात्मक कार्यकाल से परे कार्यकाल में विस्तार का हकदार नहीं बनाएगा।*
*DURING THE COURSE OF ENGAGEMENT WITH SPORTS AUTHORITY OF INDIA, IT IS HIGHLY LIKELY THAT SAI MAY DEPUTE THE SELECTED*

*CANDIDATE FOR VARIOUS TRAINING PROGRAMMES FOR KNOWLEDGE UPGRADATION AND CAPACITY BUILDING AND/OR FOREIGN EXPOSURES IN VARIOUS INTERNATIONAL SPORTS COMPETITIONS OR CONFERENCES, HOWEVER, IT IS MADE CLEAR THAT NO SUCH TRAINING PROGRAMME/INTERNATIONAL EXPOSURE SHALL ENTITLE THE SELECTED CANDIDATE FOR AN EXTENSION IN TENURE BEYOND THE CONTRACTUAL TENURE MENTIONED IN THIS ADVERTISEMENT.*

**अस्वीकरण:** *वर्तमान भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापन में उल्लिखित सभी नियमों और शर्तों को पढ़ा हुआ माना जाएगा और भर्ती अभियान में भाग लेने के दौरान सभी नियमों और शर्तों (यहां निर्धारित) से सहमत माना जाएगा।*

**DISCLAIMER:** *CANDIDATES TAKING PART IN THE CURRENT RECRUITMENT PROCESS SHALL BE DEEEMED TO HAVE READ ALL THE TERMS & CONDITIONS MENTIONED IN THE ADVERTISEMENT AND SHALL BE DEEMED TO AGREE TO ALL THE TERMS & CONDITIONS (STIPULATED HEREIN) WHILE PARTICIPATING IN THE RECRUITMENT DRIVE.*

23/7/25

***उपनिदेशक (DEPUTY DIRECTOR)***
*भर्ती प्रकोष्ठ (RECRUITMENT CELL)*
***भाखेप्रा मुख्य कार्यालय(SAI HEAD OFFICE)***